हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

11 संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



12 छारा कॉलेज में लिखे नशा विरोधी स्लोगन



## खबर संक्षेप

### खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री नागर कल झज्जर में

**झज्जर।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर बुधवार को झज्जर का दौरा करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को आयोजित हो रहे विशेष समारोह में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

### सेक्टर-9 से रिटायर्ड एसआई लापता

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 के अधीन लगती एक कॉलोनी से एक बुजुर्ग लापता हो गए। वह छह अगस्त को घूमने के लिए घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं आए। काफी देर तक नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन उनका कुछ अता पता नहीं है। लापता 71 वर्षीय बुजुर्ग राजेंद्र दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। परिजनों की सूचना पर सेक्टर 9 चौकी पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### संदिग्ध हालत में महिला ने फंदा लगाया, मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव पाटौदा स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर एक प्रवासी महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान मूल रूप से नेपाल के रोतहट जिला निवासी करीब 27 वर्षीया ओम देवी पत्नी बिश्मबर के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी भरपूर सिंह ने बताया कि महिला ओमदेवी ने बीती 8 अगस्त की रात को अपने कमरे में साड़ी से फंदा लगा कर आत्महत्या की थी। तीन दिनों तक उसके मायका पक्ष के लोगों के न आने के कारण पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका था। सोमवार को मृतका के पति बिश्मबर के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सेक्टर 9ए में सूने घर को चोरों ने खंगाला

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी के मामले नहीं थम रहे। आए दिन कहीं न कहीं वारदात हो रही है। ताला बंद दिखते ही चोर मकानों को निशाना बना लेते हैं। अब यहां सेक्टर 9ए स्थित एक बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया और नकदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। वारदात अमित के मकान में हुई है। अमित का कहना है कि गत 9 अगस्त को वह अपने गांव में परिवार सहित गए थे। पीछे से मकान में कोई नहीं था। इसी का फायदा चोरों ने उठाया और वारदात को अंजाम दे दिया। रविवार को सुबह जब वापस आए तो मेन गेट खुला हुआ था। यह देख वह दंग रह गए। अंदर गए तो सारा सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर दस हजार रुपये व कुछ सामान नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# डाबोदा कलां में तेज रफ्तार कार ने चारपाई पर सो रहे बुजुर्ग को रौंदा

■ रविवार रात करीब 11 बजे अचानक तेज रफ्तार कार ने चारपाई को टक्कर मारी ■ चारपाई के साथ कई मीटर दूर जाकर गिरे महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव डाबोदा कलां में रविवार की रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां मकान के बाहर चारपाई पर सो रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तारी कार ने रौंद दिया। मौके पर ही व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 61 वर्षीय महेंद्र के रूप में हुई है। महेंद्र रविवार की रात अपने मकान के बाहर चारपाई पर सो रहे थे।

रात करीब 11 बजे अचानक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महेंद्र और चारपाई कई मीटर दूर जा गिरे। इसके बाद कार आगे जाकर एक खंभे से टकराई। शोर सुनकर आसपास रहने वाले लोग बाहर निकले लेकिन कार चालक मौके से फरार हो चुका था। इसके बाद महेंद्र को संभाला गया लेकिन देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। घटनास्थल पर बने हालात हादसे की भयावता बयां कर रहे थे।



बहादुरगढ़। टक्कर के बाद टूटी चारपाई।



बहादुरगढ़। महेंद्र को रौंदने के बाद खंभे से टकराई कार।

■ बुजुर्ग को टक्कर मारने के बाद कार आगे जाकर खंभे से टकराई

■ पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया, जांच शुरू

■ पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

### वाहन चालक की नहीं हो पाई पहचान : पुलिस

चारपाई और खंभा अस्त व्यस्त था और गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक महेंद्र के छोटे भाई की शिकायत पर पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। सोमवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। गाड़ी चालक की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को काबू किया जाएगा।

स्पेशल एनवायरमेंट टॉस्क फोर्स की छापेमारी से हड़कंप

# निजामपुर रोड पर पकड़ी गई 6 अवैध इकाइयां, कारण बताओ नोटिस थमाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के आउटर इलाकों में बड़ी संख्या में अवैध गोदाम और फैक्ट्रियों को चलाया जा रहा है। इसका संज्ञान लेते हुए स्पेशल एनवायरमेंट टॉस्क फोर्स ने सोमवार को बहादुरगढ़ के निजामपुर रोड पर संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान 6 अवैध फैक्ट्रियां पकड़ी गई। इन्हें नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इन्हें सील करने की प्रकिया अपनाई जाएगी।

### शहर के लिए खतरा

बता दें कि निजामपुर रोड समेत रिहायशी इलाकों में अवैध फैक्ट्रियां और गोदाम बनाने का सिलसिला नहीं थम रहा है। इन अवैध फैक्ट्रियों में कई बार इतना ज्वलनशील और हार्ड केमिकल इस्तेमाल होता है कि छोटी सी चिंगारी बड़े हादसे का रूप तक ले सकती है। यहां न बिल्डिंग का स्ट्रक्चर ठीक होता है और न ही एग्जिट-एंट्री।

इसके अलावा प्रदूषण बढ़ाने में इनका सर्वाधिक योगदान होता है। सिविक एजेंसियों की मिलीभगत से ही बहादुरगढ़ के रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से सैकड़ों फैक्ट्रियां चल रही हैं। एसईएसटीएफ में शामिल हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद, सिंचाई विभाग, पंचायती राज, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, पब्लिक हैल्थ विभाग और पुलिस के प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम ने सोमवार को निजामपुर रोड पर दस्तक दी।







बहादुरगढ़। संयुक्त टीम के निरीक्षण के दौरान निजामपुर रोड पर पकड़ी गई अवैध इकाइयां।

### नोटिस का तीन दिन में देना होगा जवाब

"एसईएसटीएफ ने सोमवार को निजामपुर रोड पर निरीक्षण किया। वहां 6 अवैध इकाइयां पकड़ी गई। इन्हें 3 दिन में जवाब देने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ क्लोजर एक्शन के लिए मुख्यालय रिपोर्ट भेजेंगे। इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन डिस्कनेक्ट करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

\- शैलेंद्र अरोड़ा, आरओ एचएसपीसीबी

### अवैध फैक्ट्रियां बनी सिरदर्द

एचएसपीसीबी के एसडीई अमित व जेई सोनू के अनुसार इस दौरान 3 प्लास्टिक वॉशिंग और रिप्रोसेसिंग, एक प्लास्टिक मेल्टिंग एंड रिप्रोसेसिंग, एक वूलन रेजिंग और एक बायोमेडिकल वेस्ट की डंपिंग एंड सेग्रिगेशन यूनिट पकड़ी गई। ये सभी यूनिट अवैध रूप से चल रही थी। संयुक्त टीम ने इन 6 अवैध इकाइयों को शोकॉज नोटिस जारी किए हैं। इन फैक्ट्रियों में हजारों मजदूर जान जोखिम में डालकर रोजाना काम करते हैं। इन अवैध फैक्ट्रियों को बंद कराने के लिए बार-बार पर्यावरण प्रेमियों द्वारा मांग की जाती रही है। अब अधिकारी इसके लिए मजबूत पहल कर रहे हैं। लगातार निरीक्षण करने और नोटिस जारी करने की कार्रवाई हो रही है।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर हाई अलर्ट पर पुलिस

# दिल्ली बार्डर पर लगाए जाएंगे 13 विशेष नाके, रूट डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। जिला पुलिस द्वारा दिल्ली बॉर्डर के साथ जिले की सीमाओं पर विभिन्न स्थानों पर 13 विशेष नाके लगाए जाएंगे। जिले से दिल्ली की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर विशेष नाकाबंदी करके प्रत्येक व्यक्ति तथा वाहन की गहनता से जांच की जाएगी। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि विशेष नाकाबंदी करके भारी कमर्शियल वाहनों को 12 अगस्त की सांय आठ बजे से 13 अगस्त दोपहर 12 बजे तक और 14 अगस्त की सांय आठ बजे से 15 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम के समापन तक झज्जर से दिल्ली की तरफ जाने से रोक दिया जाएगा। भारी कमर्शियल वाहनों को दिल्ली में प्रवेश को रोककर वैकल्पिक मार्गों की तरफ मोडा जाएगा।

### यहां-यहां नाकाबंदी

- कानौंदा कुलासी टी पॉइंट कुतुबगढ़ पंजाब खोड रोड दिल्ली कानौंदा से जोंती रोड दिल्ली
- जरदकपुर से कैर मुंडेला दिल्ली
- बादली से ढांसा बॉर्डर दिल्ली बालोर मोड से झाड़ौदा कैर मुंडेला दिल्ली
- परनाला से निजामपुर दिल्ली
- गुभाना से बाकरगढ़ दिल्ली
- देवरखाना लोहट से गालिबपुर दिल्ली
- बहादुरगढ़ से नजफगढ़ रोड
- झाड़ौदा बॉर्डर दिल्ली
- बहादुरगढ़ से टीकरी बॉर्डर रूट डायवर्ट नाके
- केएमपी फ्लाईओवर के नीचे रोहतक दिल्ली रोड
- जाखोड़ा मोड किसान चौक बाईपास बहादुरगढ़
- झज्जर बहादुरगढ़ रोड बाईपास बहादुरगढ़ फ्लाईओवर के नीचे

### जिले में कड़े सुरक्षा प्रबंध : डॉ. राजश्री



**बहादुरगढ़।** दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस रिहर्सल और समारोह के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने तैयारियां कर ली हैं। झज्जर, बहादुरगढ़ और बादली से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तित रहेगा। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के निर्देशानुसार, यह व्यवस्था 12 अगस्त शाम पांच बजे से 13 अगस्त दोपहर 12 बजे तक और 14 अगस्त शाम पांच बजे से 15 अगस्त को समारोह समाप्ति तक लागू रहेगी।

# बॉल प्रीमियर लीग में जिले के छह खिलाड़ी चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन पहली बार हरियाणा की शूटिंग बाल की प्रीमियर लीग शुरू करने जा रही है। इसके लिए जिले से छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें हसनपुर से दीपक कुमार, खेड़ी आसरा से नेहा, दुल्हेड़ा से दीपका व अंशु तथा डीघल से महिमा व तनु शामिल हैं। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के प्रधान तस्वीर अहलावत ने बताया कि कोच के रूप में लीग के पहले राउंड का शुभारंभ हिसार जिले के गांव जाखोद खेड़ा में आगामी सात सितंबर को होगा, जिसमें 44 लड़के और 18 लड़कियां, छह कोच और छह मैनेजर तथा चार रेफरी भागीदारी करेंगे।

# क्रेटा में हथियार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

■ आरोपी से तीन पिस्तौल, 10 कारतूस व तीन मैग्जीन बरामद

**बहादुरगढ़।** गाड़ी में हथियार लेकर घूम रहे एक शख्स को सीआईए प्रथम बहादुरगढ़ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से तीन पिस्तौल, तीन मैग्जीन व 10 कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी की पहचान रामगोपाल के रूप में हुई है। वह नजफगढ़ का रहने वाला है। दरअसल, सीआईए को सूचना मिली कि रामगोपाल के पास कई हथियार है और वह दुल्हेड़ा से बहादुरगढ़ की ओर क्रेटा गाड़ी में सवार होकर जा रहा है। इस सूचना पर सीआईए ने नूना माजरा गांव में नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान जांच करते हुए एक क्रेटा गाड़ी रुकवाई, जिसमें रामगोपाल सवार था। उसे तुरंत काबू कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक पिस्तौल बरामद हुई। इसके बाद टीम ने गाड़ी की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कंडक्टर सीट के नीचे एक बैग मिला। बैग में दो पिस्तौल, तीन मैग्जीन और 10 कारतूस पास गए। तमाम हथियार और गाड़ी पुलिस ने कब्जे में ले ली और आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कराया। आरोपी किस मकसद से हथियार लेकर घूम रहा था, उस पर पहले भी कोई आपराधिक मामला दर्ज है या नहीं, आदि का खुलासा पूछताछ के बाद हो सकेगा।

# बहादुरगढ़ : तीनों मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

■ चेयरपर्सन सरोज राठी व दिनेश कौशिक ने राजबाला, अमित कौशिक व भीम सिंह प्रणामी को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


सोमवार को मनोनीत पार्षद राजबाला, अमित कौशिक व भीम सिंह प्रणामी ने नगर परिषद सभागार में शपथ ग्रहण की। समारोह में चेयरपर्सन सरोज राठी, भाजपा नेता दिनेश कौशिक तथा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने भरोसा जताया कि तीनों पार्षदों के साथ मिलकर शहर के विकास की योजनाओं को नगर परिषद गति देगी। चेयरपर्सन सरोज राठी ने उम्मीद जताई कि शहर के विकास कार्यों में मनोनीत पार्षद राजबाला, अमित कौशिक व भीम सिंह प्रणामी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। तीनों अपने कार्यकाल में जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार सबके साथ, सबके विकास की नीति पर कार्य कर रही है। मनोनीत पार्षद जनहित में कार्य करेंगे और शहर की जनता की समस्याओं का समाधान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।



### पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ निभाएंगे जिम्मेदारी

राजपाल जांगड़ा ने कहा कि सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश सहित बहादुरगढ़ का सर्वांगीण विकास हो रहा है। मनोनीत पार्षद राजबाला, अमित कौशिक व भीम सिंह प्रणामी ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ निभाएंगे। तीनों अपने अनुभव और ऊर्जा का उपयोग शहर के बुनियादी ढांचे, स्वच्छता, जलनिकासी और अन्य जनसुविधाओं को बेहतर बनाने में करेंगे। इस अवसर पर नगर परिषद सचिव प्रवीण कुमार, रमेश राठी, रणबीर सिंह, राजेश कुमार व पवन रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

# शीर्षासन करते हुए 3 बार किया हनुमान चालीसा पाठ कर बनाया अनोखा रिकार्ड





**झज्जर।** जिले के छारा गांव निवासी नरेश दलाल ने बगैर किसी सहारे के लगातार पन्द्रह मिनट तक शीर्षासन की मुद्रा में रहते हुए तीन बार हनुमान चालीसा पाठ कर अनोखा रिकार्ड बनाया है। बीती 27 जून को हासिल की गई इस विशेष उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान की गई। नरेश दलाल की यह उपलब्धि न केवल योग और भक्ति का अद्वितीय संगम है, बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को बिना किसी बाहरी सहायता के पूरा किया जो उनकी मानसिक शक्ति, शरीर की संतुलन क्षमता और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया पर इस रिकॉर्ड को प्रमाणित करते हुए लोगों द्वारा उनकी सराहना की गई।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठकों के लिए आवश्यक सूचना
"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

हरिभूमि
# सहेली



स्वाधीनता दिवस विशेष

यह सही है कि वर्षों गुलामी की जंजीरों की जकड़न से मुक्ति मिलने पर तत्कालीन देश-समाज में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन तमाम विडंबनाओं, चुनौतियों और संघर्षों को पार कर आधी आबादी ने ना केवल खुद को मजबूती से प्रतिष्ठित किया, सशक्त राष्ट्र निर्माण में भी महती भूमिका निभाई, अब भी निरंतर निभा रही है।

## आधी आबादी की सहभागिता से सशक्त हो रहा देश-समाज

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

वास्तव में स्वतंत्र होने के सही मायने, जीवन के हर पहलू पर सशक्त भागीदारी निभाने से जुड़े हैं। इस मोर्चे पर देखें तो भारतीय महिलाओं ने आजादी मिलने के बाद बेहतरीन सफर तय किया है। हमारे देश की स्त्रियां आज परिवार से लेकर देश की सीमाओं तक, हर फ्रंट पर डटी हैं। 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे आजाद भारत में विकास और बदलाव की संघर्षपूर्ण यात्रा में स्त्रियों की भूमिका रेखांकित करने योग्य रही है।

### पारिवारिक जुड़ाव की महत्वपूर्ण कड़ी

फैमिली सिस्टम किसी देश की आत्मा होता है। परिवार में ही बड़ी पीढ़ी के अनुभव, नई पीढ़ी के जीवन को दिशा देते हैं। नई पीढ़ी के रूप में देश का भविष्य भी घर-आंगन में ही गढ़ा जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही देश के सामाजिक-पारिवारिक माहौल में भी महिलाएं अहम रोल निभाती आई हैं। गृहिणी के रूप में रिश्तों को संभालने की बात हो या काम-काजी महिला के रूप में वर्कफोर्स का हिस्सा बनने की, महिलाओं ने हर तरह से घर-परिवार की बगिया को सींचा है। असल में स्त्रियां ही हमारे फैमिली सिस्टम की लाइफलाइन रही हैं। वास्तव में पारिवारिक रिश्तों का मैनेजमेंट ही समाज को भी स्थिरता देता है। अपनों का यह जुड़ाव अपने राष्ट्र से भी जुड़ने का भाव जगाता है। सुखद यह भी है कि परंपरागत जिम्मेदारियों के निभाने के साथ ही घर-परिवार में स्त्रियां अब लीडरशिप रोल में भी आ गई हैं। स्वतंत्रता के बाद शिक्षित-सजग महिलाओं के आंकड़ों में हुए इजाफे से सोशल, फाइनेंसियल और पर्सनल हर फ्रंट पर फैसले लेने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। घरेलू और सामाजिक जीवन में महिलाएं अब स्वतंत्र व्यक्तित्व और विचारों की धनी बन रही हैं। इसके चलते सशक्त समाज के निर्माण में आधी आबादी ने पूरी जिम्मेदारी से अपना मोर्चा संभाल रखा है।

### उद्यमिता की दुनिया में दखल

स्वतंत्र भारत की तरक्की में वुमेन वर्कफोर्स का प्रभावी रोल रहा है। स्किल डेवेलपमेंट से लेकर हायर डिग्रियां हासिल करने तक, स्त्रियां किसी भी मामले में पीछे नहीं रहीं। आगे बढ़ने के सतत प्रयास की वजह से देश की उन्नति में भी वे भागीदार बनी हैं।



एआई इमेज

स्त्रियों को इसी जज्बे से क्रिएटिव सोच, साइंस, रिसर्च और आर्म्ड फोर्सेस तक, अपनी जगह बनाने का मनोबल मिला है। गांवों-कस्बों में महिलाएं ड्रोन उड़ा रही हैं। एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में भारतीय महिलाओं का दखल चकित करता है। आज अपना बिजनेस शुरू करने, मैनेज करने और आगे बढ़ाने में स्त्रियां कमाल कर रही हैं। नए प्रोडक्ट्स, सर्विसेस और आइडियाज लेकर एंटरप्रेन्योर बनी महिलाएं आज सफल चेहरों में शुमार हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों और ई-कॉमर्स के जरिए व्यवसाय जमाने वाली महिलाएं तो नई पीढ़ी को प्रेरणा दे ही रही हैं। ट्रैक्सन के एक अध्ययन के मुताबिक भारतीय तकनीकी उद्योग में स्टार्टअप्स में वुमन एंटरप्रेन्योर्स की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं नेशनल सर्वे बताते हैं कि एमएसएमई इंडस्ट्रीज में महिलाओं की भागीदारी 20 फीसदी है। स्वतंत्र भारत के बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में महिला उद्यमियों के प्रति सकारात्मक नजरिया और सपोर्ट भी देखने को मिल रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार देश में वुमेन वर्कफोर्स की भागीदारी बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। वर्कफोर्स में भागीदारी के साथ ही बहुत सी चुनौतियों के बावजूद महिलाएं, एंप्लॉयमेंट देने वाले सेटअप्स भी बना रही हैं। इस देश की नागरिक होने के नाते अपनी भूमिका को पॉजिटिव रूप से विस्तार दे रही हैं। इनोवेशन और स्पेशलाइजेशन के इस संसार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना असल में देश की बेहतरी से जुड़ना ही है।

### खुद की बेहतरी संग बदलाव

देश, समाज या व्यक्तिगत जीवन, आधी आबादी अपनी पूरी हिस्सेदारी दर्ज करवा रही है। स्वतंत्रता के संग्राम से लेकर समाज में सहज सी बातों-हालातों को बदलने तक, भारतीय महिलाएं उत्साह से जुटी हुई हैं। प्रोफेशनल मोर्चे पर आत्मविश्वास के साथ नए फील्ड्स को एक्सप्लोर कर रही हैं। पर्सनल फ्रंट पर भी खुद की संभाल, देखभाल के भाव को बल मिला है। पारंपरिक छवि में तीज-त्योहार मनाती महिलाएं हंसती-खिलखिलाती नजर आती हैं। वहीं विज्ञान-व्यवसाय और तकनीक के संसार में भी उनकी प्रभावी इमेज नजर आती है। देश-समाज और परिवार की धुरी बन आज की स्त्रियां एक ओर सब कुछ थामे हुए हैं तो दूसरी ओर खुद को संभालने का जज्बा भी कम नहीं है। इसी अवेयरनेस के चलते अपनी सशक्त और समर्थ छवि बनाने-निखारने की सोच पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बदलते परिवेश में बहू-बेटियों



को उनके सपने साकार करने में मदद मिल रही है। ऐसे सभी भाव अपने देश को आगे ले जाने से जुड़े हैं। स्त्रियों का खुदमुख्तार होने का यह जज्बा स्वाधीन भारत की नींव सुदृढ़ करने वाला है।

## इस बार नए अंदाज में मनाएं स्वतंत्रता दिवस

स्वाधीनता दिवस, हर भारतवासी के लिए गर्व और उल्लास भरा पर्व होता है। लेकिन इसे आप और भी खास, यादगार बना सकती हैं। इसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों और आस-पड़ोस के लोगों, बच्चों को शामिल कर सकती हैं।

सेलिब्रेशन
रजनी अरोड़ा



स्वतंत्रता दिवस, आजादी की जंग में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने, उन्हें श्रद्धांजलि देने और स्वाधीन होने का उत्सव मनाने का दिन है। यह सिर्फ एक राष्ट्रीय अवकाश नहीं, बल्कि परिवार के संग देशभक्ति का भाव जगाने और नई पीढ़ी को भारत की आजादी के संघर्ष की जानकारी देने का सुअवसर भी है। ऐसे कई रचनात्मक तरीके हैं, जिनसे आप अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को यादगार और अर्थपूर्ण बना सकती हैं।

**करें ध्वजारोहण-गाएं राष्ट्रगान:** अगर आप किसी सरकारी या निजी संस्थान में काम करती हैं तो वहां ध्वजारोहण जरूर किया जाता होगा, उसमें तो आप शामिल होती ही हैं। लेकिन आप अगर हाउसवाइफ हैं तो अपने घर के आंगन या छत पर भी तिरंगा फहरा सकती हैं। इसके बाद बच्चों समेत सब परिजन मिलकर राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाएं। तिरंगे को सलामी दें। बच्चों के संग मिलकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाएं। यकीनन इससे सभी के मन में गर्व की अनुभूति होगी।



**सार्वजनिक कार्यक्रमों में लें भाग:** आमतौर पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूल-कॉलेज, कार्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन रिहायशी इलाकों, सोसाइटी या मुहल्लों में भी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इन कार्यक्रमों में परिवार समेत भाग लेकर आप स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर सकती हैं।

**तिरंगा थीम फैमिली फोटोशूट:** इस खास अवसर के लिए पूरे परिवार के लिए व्हाइट ड्रेस चुनें। उसके साथ केसरिया-हरा स्कार्फ, बैज या दुपट्टा भी जोड़ें। घर पर तिरंगे बैकग्राउंड वाला सेटअप बनाएं। बच्चों के हाथों में 'मैं भारत हूं' या 'वंदेमातरम' लिखे कार्ड पकड़ाएं। आप तिरंगा थाम सकती हैं। तिरंगा फहराने के बाद इसी थीम में ग्रुप फोटोज क्लिक करें। इसे सोशल मीडिया पर शेयर करें। ये पल आपके लिए यादगार बन जाएंगे। इस दिन स्वदेशी यानी मेड इन इंडिया उत्पादों का प्रयोग करने का संकल्प भी ले सकती हैं।

**देशभक्ति वाली फिल्में देखें:** स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद आप अपने परिवार के साथ देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इस मौके पर आप 'शहीद', 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'चक दे इंडिया', 'स्वदेस', 'मंगल पांडे', 'भगत सिंह', 'तिरंगा', 'बॉर्डर', 'क्रांति' या कोई अन्य पसंद वाली देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इन फिल्मों को देखते हुए आप स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके संघर्ष के बारे में भी बच्चों को बताएं। इससे उनके मन में देशभक्ति की भावना और सघन होगी।

**देशभक्ति संबंधी किताबें पढ़ें:** अगर आप पढ़ने की शौकीन हैं तो देशभक्ति संबंधी किताबें भी पढ़ सकती हैं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन कथाएं या प्रेरक प्रसंग आसान और रोचक तरीके से सुनाएं।

**पौधे लगाएं:** घर के गार्डन में या आस-पास के पार्क में आप अपने परिवार के साथ आजादी के जश्न के नाम पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं। परिवार के सभी सदस्य आगे उनका ख्याल भी रखें। इससे आपको स्वाधीनता दिवस समारोह की याद रहेगी और पौधे के जरिए आप देश के वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहभागिता भी निभा सकती हैं। आप अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकती हैं।

महात्म्य
आर.सी.शर्मा

श्रीकृष्ण को भगवान के रूप में हम सब पूजते ही हैं। लेकिन उन्होंने अपनी लौकिक लीलाओं में ऐसे अनेक संदेश दिए, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक बने हुए हैं।

## जीवन-जगत के शाश्वत पथ-प्रदर्शक श्रीकृष्ण

कृष्ण वंदे जगतगुरुम। यह वाक्य सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का भाव नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक जीवन दर्शन भी है। श्रीकृष्ण का स्वरूप इतना विराट है कि उनके अनेक आयाम हैं। वह देवता हैं, लीलानायक हैं, परमब्रह्म हैं, योगेश्वर हैं, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी हैं। कुरुक्षेत्र में उन्होंने अर्जुन को जो गीता का गुरु ज्ञान दिया, वह समय की सीमाओं को पार कर हर समय के लिए एक शाश्वत जीवनमूल्य बन गया है। आज दुनिया जिस तरह से अनेक संकटों से घिरी है, कई तरह के नैतिक भ्रम पसरे हैं, युद्ध की आशंकाएं हर तरफ मंडरा रही हैं, पर्यावरणीय आपदाएं सिर उठाए खड़ी हैं, इंसान मानसिक अवसाद और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है और इस सबके बीच समाज से आध्यात्मिक चेतना छीजती जा रही है। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण केवल श्रद्धा का विषय नहीं हैं बल्कि आज के संकटग्रस्त विश्व के शाश्वत समाधान की तरह हैं।

**देते हैं संकट से संघर्ष का मंत्र:** अगर गहराई से देखें तो महाभारत काल में सिर्फ एक कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था। लेकिन आज तो दुनिया का हर युवा, वृद्ध और बालक अपने-अपने जीवन के कुरुक्षेत्र में खड़ा है। कोई नौकरी और आत्मसम्मान के बीच द्वंद्वरत है, कोई रिश्तों में मोह और स्वाभिमान की टकराहट से घिरा है, किसी के अंदर धर्म और लोभ का संघर्ष चल रहा है, तो बाहरी तौर पर दुनिया के अनेक राष्ट्रों के बीच अपने अहम का वर्चस्व स्थापित करने के लिए गैरजरूरी युद्ध लड़े जा रहे हैं। ऐसे में आज हर सोचने-समझने वाला व्यक्ति अर्जुन की भांति किंकतर्व्यविमूढ़ खड़ा है। वह युद्ध करना नहीं चाहता और हालात ऐसे हैं कि बिना युद्ध के उनसे निकलना



भी संभव नहीं है। ऐसे में स्त्री हो या पुरुष, हर किसी को श्रीकृष्ण जैसे एक सारथी की जरूरत है, जो न केवल उसका रथ हांके, उसे नैतिक विश्वास का संरक्षण भी दे, ताकि वह अपने हिस्से की लड़ाई को पूरे वेग से लड़ सके। यहीं पर मौजूं हो जाता है 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का मूल विचार यानी तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने का है, फल की चिंता मत करो, को अपनाएं। यही श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी शिक्षा है और यही शिक्षा इस संकटग्रस्त विश्व का सबसे बड़ा समाधान है। खासतौर पर स्त्रियों को ऐसे संबल की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि उनका संघर्ष कई मायने में पुरुषों से भी जटिल और बहुस्तरीय होता है।

**देते हैं जीवंत-कर्मरत रहने का संदेश:** भले आज विज्ञान और तकनीक ने हमें बहुत भौतिक समृद्धि दी हो, लेकिन अधिकांश लोग तनाव, बेचैनी और अकेलेपन से जूझ रहे हैं। अधिकतर महिलाओं पर घर-बाहर के काम का इतना दबाव बढ़ता जा रहा है कि वे अवसाद से ग्रस्त रहने लगती हैं। ऐसे में जीवन से अरुचि महसूस होने लगती है। इस मानसिक संत्रास और धार्मिक-आध्यात्मिक शून्यता में फिर से गीता के प्रकाश की जरूरत है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'योगस्थः कुरु कर्माणि' अर्थात मन को स्थिर करके कर्म करो। गीता का यह श्लोक आज के मेंटल हेल्थ संबंधी विचार और सिद्धांत से पूरी तरह से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि मन को स्थिर रखें, जो गुजर गया, उसकी परवाह न करें, भविष्य की चिंता में डूबें नहीं और जो वर्तमान है, उसमें डूबकर जीएं। इससे शारीरिक और मानसिक तौर पर खुश रहेंगे।

### समझें प्रेम का उदात्त स्वरूप



**आज हमें** अपने इर्द-गिर्द छल, कपट, स्वार्थ और अनीति का वातावरण दिखता है। ऐसे में हम कृष्ण से नैतिकता और विवेक के संतुलन का पाठ सीख सकते हैं। आज जितने लोग विपन्न पहले कभी नहीं रहे। क्योंकि भोगवादी संपन्नता क्षणिक होती है और आज का पूरा समय ही भोग-लिप्सा का समय है। ऐसे में जरूरत है कि एक बार फिर से हम राधा-कृष्ण के उस आध्यात्मिक प्रेम की तरफ देखें, जो धर्म और आचरण की शुद्धता का पर्याय है, जो निजी भावनाओं को ही नहीं बल्कि वातावरण को प्रेममय बना देता है।

रेसिपी/ ओम प्रकाश गुप्ता

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व **जन्माष्टमी (16 अगस्त)** पर आप जरूर व्रत रखेंगी और रात में पूजन के बाद नन्हे कान्हा जी को भोग भी लगाएंगी। इसीलिए इस बार हम आपको बता रहे हैं कई तरह के भोग की रेसिपी।

## कान्हा के लिए बनाएं मीठे-मीठे भोग

### मीठे गुड़-मखाने



**सामग्री :** मखाने-100 ग्राम, गुड़ का चूरा-100 ग्राम, सफेद तिल-1 बड़ा चम्मच, घी-तलने के लिए

**विधि:** कड़ाही में घी गरम करके मंदी आंच पर मखाने तल लें। गुड़ में थोड़ा सा पानी मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं। चाशनी में तले हुए मखाने डालकर अच्छी तरह चलाएं। तिल डालकर थोड़ा और चलाएं। मखानों पर चाशनी चढ़ जाने पर आंच से उतार लें। थोड़ा ठंडा होने पर कड़ाही से निकालें। मीठे गुड़-मखाने तैयार हैं।

### मक्खन-मिश्री लड्डू



**सामग्री :** गाय के दूध का मक्खन-250 ग्राम, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, मिश्री के दाने-1/2 कप, पिस्ता चूरा-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-थोड़े से

**विधि:** मक्खन में चीनी मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। इसमें आधे मिश्री के दाने और पिस्ता चूरा मिलाकर फ्रीजर में रख दें। 1-2 घंटे बाद मक्खन काफी सख्त हो जाएगा। तब इससे मनचाहे आकार के लड्डू बना लें। इन पर बचे मिश्री के दाने लगाकर फिर से फ्रिज में रख दें। जब चाहें तब ठंडे-ठंडे मक्खन के लड्डू फ्रिज से निकालें और तुलसी के पत्ते से गार्निश करके तुरंत सर्व करें।

### दूध-दही पंचामृत



**सामग्री :** दूध-2 कप, दही-1/4 कप, पिसी चीनी-50 ग्राम, शहद-1 छोटा चम्मच, बादाम-1 बड़ा चम्मच, पिस्ता-1 छोटा चम्मच, घी-1 छोटा चम्मच, गंगा जल-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-4, चांदी का वर्क-1

**विधि:** सबसे पहले बादाम और पिस्ते बारीक काट लें। दूध में चीनी घोल लें। इसमें एक कप ठंडा पानी मिला लें। फिर दही, घी, शहद और गंगा जल मिला लें। ऊपर से तुलसी के पत्ते डाल कर कटा बादाम और कटा पिस्ता बुरक दें। दूध-दही पंचामृत तैयार है।

आस्था
अनीता जैन

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी के पर्व का जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही यह आत्मबोध का भी पर्व है। इस दिन श्रद्धा से व्रत पूजन करने से शुभ फलों की प्राप्ति के साथ आत्मोत्थान का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्ति-आत्मबोध का दिव्य पर्व

जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। इन अवतारों का उद्देश्य केवल दुष्टों का नाश नहीं, बल्कि मानव समाज को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाना भी रहा है। प्रत्येक अवतार मानवता को नया दृष्टिकोण देता है। भगवान विष्णु के सभी अवतारों में श्रीकृष्ण का अवतार सबसे विशिष्ट माना जाता है। श्रीकृष्ण केवल एक पूजनीय देवता ही नहीं, बल्कि वह ऐसे आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन में भक्ति, नीति, प्रेम और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनके जन्म की रात्रि, जिसे मोहरात्रि कहा गया है, संसारिक मोह से मुक्ति का संदेश देती है।

**आध्यात्मिक जागरण का पर्व:** जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। यह पर्व हमें श्रीकृष्ण के अवतारी जीवन से सीख लेने को प्रेरित करता है। इस अवसर पर हर मंदिर और घर में झूला सजता है, भजन-कीर्तन होते हैं और भक्त रात भर जागरण करते हैं। उपवास, ध्यान और श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मन को शांति और आत्मा को ऊर्जा मिलती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि सच्चा प्रेम, भक्ति और धर्म ही जीवन के शाश्वत आधार हैं।



**पौराणिक मान्यता:** अवतार का तात्पर्य होता है-अव्यक्त से व्यक्त रूप में ईश्वर का प्रादुर्भाव। जब कंस जैसे अत्याचारी का आतंक बढ़ा, तब श्रीहरि ने देवकी-वासुदेव के पुत्र रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनः स्थापना का उद्घोष किया। उनके जन्म लेते ही कारागार के बंद द्वार खुल गए, हथकड़ियां टूट गईं और प्रहरी निद्रावश हो गए। श्रीकृष्ण को वासुदेव यमुना पार गोकुल ले गए। यह केवल एक बालक का अवतरण नहीं, बल्कि ब्रह्म का प्रकट होना था। श्रीकृष्ण के इस आलौकिक प्राकट्य ने समस्त जगत को उल्लासित कर दिया। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन केवल लीलामय नहीं, बल्कि गूढ़ जीवन-दर्शन से परिपूर्ण है। उन्होंने गोकुल में मुरली के मधुर स्वर से प्रेम का पाठ पढ़ाया, तो कुरुक्षेत्र में गीता के रूप में कर्मयोग का संदेश भी दिया।

**श्रीकृष्ण जन्म की रात्रि का आलौकिक महत्व:** हमारे धर्मग्रंथों में चार विशेष रात्रियों का उल्लेख है- कालरात्रि (दीपावली), महारात्रि (शिवरात्रि), अहोरात्रि (होली) और मोहरात्रि (जन्माष्टमी)। जन्माष्टमी की रात को योग, ध्यान, जप और उपासना का विशेष महत्व है। इस रात्रि में जागरण से मोह-माया से मुक्त होकर आत्मबोध बढ़ता है।

### व्रत-पूजन विधि और महत्व

**भविष्य पुराण** में जन्माष्टमी व्रत को व्रतराज कहा गया है। जिस घर में यह व्रत श्रद्धापूर्वक किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु, कलह, दुर्भाग्य जैसे दोष नहीं आते। इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर व्रत का संकल्प लें। देवकी-वासुदेव और बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र को झूले में स्थापित करें। व्रत में देवकी, वासुदेव, नंद, यशोदा, बलराम आदि का नाम लेकर पूजन करें। रात्रि 12 बजे के बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद भगवान को नवीन पीतांबर वस्त्र पहनाएं, तिलक करें और उन्हें पालने में झुलाएं। पूजन में तुलसी, फूल, अक्षत, धूप-दीप, नैवेद्य का प्रयोग करें। माखन-मिश्री, धनिए की पंजीरी, पंचामृत और मक्खन-शक्कर का भोग लगाएं। झूला झुलाते हुए भजन-कीर्तन करें। आरती के पश्चात प्रसाद को भक्तों में वितरित करें और रात्रि जागरण करें। इस रात मंत्रजप, श्रीकृष्ण नामस्मरण और गीता पाठ करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। यह पूजन व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सरपंच के पति का निधन

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला की पूर्व सरपंच के पति रामकुमार उर्फ काला का निधन हो गया। वे इनेलो के वरिष्ठ नेता राजबीर परनाला के चचेरे भाई थे। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक राजेंद्र जून, कर्मबीर राठी, रवि खत्री, सतपाल पहलवान, रामनिवास सैनी, बिजेंद्र दलाल, संजय दलाल, संदीप अहलावत, राजू दलाल, अशोक शर्मा, बिजेंद्र पाल दलाल, सतीश छिकारा, नरदेव दहिया, युवराज छिल्लर, नरेंद्र राठी, महेंद्र राठी, सोनू सैनी, पप्पू दलाल, सतबीर बालौर, महेंद्र प्रधान, जय सिंह आसौदा, तेजा पहलवान, गौरव राठी, सोमबीर राठी व प्रियव्रत दलाल आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।


रामकुमार उर्फ काला

### धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे रिटायर्ड कर्मचारी

**झज्जर।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आगामी तेरह अगस्त को लघु सचिवालय परिसर में किए जाने वाले धरना प्रदर्शन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के कर्मचारी भी भागीदारी करेंगे। जिला सचिव देवेंद्र यादव ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ किए जा रहे इस धरना प्रदर्शन में वे सभी संगठनों के साथ है। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा टैरिफ का लिया गया फैसला गलत है।

## प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में श्रीश्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन

# बाबा का दरबार सुहाना लगता है, भक्तों का दिल दीवाना लगता है..भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

■ जो भक्त बाबा के दर्शन करने आता है वे उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं : विनय तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में हारे का सहारा मित्र मंडल द्वारा तीसरे श्रीश्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी मंदिर के महाराज मृत्युंजय गिरी ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंदिर के पुजारी विनय तिवारी ने कहा कि जो भक्त बाबा के दर्शन करने आता है वे उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। संकीर्तन में अन्नू सिक्का, कमल सक्सेना, दामनी पांचाल, मीनाक्षी वर्मा, विक्की भगाना, सुरेंद्र बुद्धिराजा, रोहित सोलंकी सहित स्थानीय गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। विधिवत पूजन कर श्रीहनुमान चालीसा पाठ, गणेश वंदना, भजनों के साथ ने संकीर्तन का शुभारंभ किया। पंकज तलवार ने बाबा का दरबार सुहाना लगता है..भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है.., दामिनी पांचाल ने जब कोई नही आता मेरे श्याम आते है, मेरे दुख के दिनों में वो बड़े काम आते है.. तथा मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदशरथ अजर बिहारी, राम सिया राम सिया राम जय जय राम.. भजन की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। मीनाक्षी वर्मा ने तीन बाण के धारी, तीनों बाण चलाओं ना, मुश्किल में है दास तेरा अब जल्दी आओ ना आदि भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अंकुर गोयल, राजेश, बिट्टू कौशिक, दीपक बजाज, प्रदीप बंसल, धीरज शर्मा, संजय खुराना, पंकज शर्मा, मास्टर हर्ष, ईश्वर सिंघल, कृष्ण रोहिला, मधु बंसल, मोहन जिंदल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


**झज्जर।** संकीर्तन में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार। फोटो :हरिभूमि


**बहादुरगढ़।** मुरली मनोहर मंदिर के बाहर लगाई गई लड़ियां। फोटो :हरिभूमि

### प्रेम मंदिर में 16 को मनाया जाएगा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा दिवस

**झज्जर।** शहर के लाल खानिया मोहल्ला स्थित श्री प्रेम मंदिर का पांचवां मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा दिवस समारोह आगामी 16 व 17 अगस्त को मनाया जाएगा। मंदिर समिति महासचिव सतीश धींगड़ा ने बताया कि श्रीप्रेम मंदिर पानीपत की अधिष्ठाता कांता देवी महाराज की अध्यक्षता में होने वाले इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज 16 अगस्त की प्रातः हवन कार्यक्रम से होगा। उसी दिन शाम को जन्माष्टमी उत्सव मनाए जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे व अंतिम दिन बृज रसिका दीदी मीनाक्षी द्वारा मधुर संकीर्तन किया जाएगा। संकीर्तन व प्रवचन कार्यक्रम उपरांत जहां अटूट भंडारे का आयोजन होगा वहीं मंदिर से जुड़े 75 वर्ष या इससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी मंदिर समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### मंदिरों में जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर

**बहादुरगढ़।** जन्माष्टमी पर्व को लेकर शहर के मंदिरों में भव्य तैयारियां जोरों पर हैं। लाइनपार स्थित इस्कॉन मंदिर और मेन बाजार के प्राचीन मुरली मनोहर मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुरली मनोहर मंदिर परिसर और आसपास के बाजार को रंग-बिरंगी लड़ियों व आकर्षक लाइटों से सजाने का कार्य शुरू हो गया है। त्योहार की रात पूरा बाजार व आसपास लगती कॉलोनियों की गलियां रोशनी से जगमगाएंगी। मंदिर में राधा-कृष्ण का फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। भजन, संकीर्तन भी होंगे। वहीं, इस्कॉन मंदिर में भी धार्मिक आयोजन लगातार चल रहे हैं। जन्माष्टमी के दिन यहां भजन-कीर्तन, झांकी और प्रसाद वितरण का सिलसिला देर रात तक जारी रहेगा। हर साल की तरह इस बार भी दोनों मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं के दर्शन करने पहुंचने की संभावना है।


**झज्जर।** विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

# संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

झज्जर। सोमवार को एमआर स्कूल में संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भागीदारी करते हुए अपने भावपूर्ण वाचन, शुद्ध उच्चारण और सारगर्भित प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर किया। किसी ने भगवान की स्तुति में रचित श्लोक प्रस्तुत किए तो किसी ने नीति, भक्ति और प्रेरणा से परिपूर्ण पद्य सुनाए। प्रतियोगिता परिणामों में कनिष्का, शिक्षा व गर्वित प्रथम, हर्षिका, दीशिका व निशु द्वितीय तथा मुस्कान, वंशु, सरल, सारांशी तृतीय रहे। प्राचार्या नेहा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक है कि युवा वर्ग इसमें रुचि लें। ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों की भाषिक प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि उनमें भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और गर्व की भावना भी उत्पन्न करते हैं। स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में एचडी स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

■ विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में लड़कों के वर्ग में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। विद्यालय के एथलेटिक्स कोच रवींद्र यादव ने बताया कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम तलाव में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिमांशु ने अंडर-17 आयुवर्ग की 400 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया जबकि खिलाड़ी रुद्रांश अंडर-14 आयु वर्ग की 200 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 400 मीटर दौड़ में द्वितीय रहा। अंडर-17 आयुवर्ग के अमन ने जैवलिन थ्रो में प्रथम, 400 मीटर दौड़ में दीपांशु और लंबी कूद में लोकेश अपने-अपने आयु वर्ग में द्वितीय रहे। इसके अलावा गौरव ने भी जैवलिन थ्रो में अपने आयुवर्ग में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि जिस प्रकार विद्यालय की लड़कियों ने अपने-अपने वर्ग में खेलते हुए जिले में परचम लहराया था, उसी प्रकार लड़कों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी पहचान बनाई है। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत व प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### हवन के साथ हुई नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत


झज्जर। हवन कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी।

**झज्जर।** गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में नए शैक्षिणक सत्र को लेकर ओरिएंटेशन- डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर सुशील गुप्ता व निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर अमन अग्रवाल ने सभी विभागाध्यक्ष, रजिस्ट्रार, स्टॉफ तथा आगंतुक विद्यार्थियों के साथ हवन मंत्रो-उच्चारण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में संस्थान में आए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को कॉलेज के नियम व दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर सुशील गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पूरी लगन के साथ पढाई करने व अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित किया।

### बाघपुर, पहाड़ीपुर, दूबलधन व सिवाना में कार्यक्रम आयोजित

**बेरी।** हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान को लेकर निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को स्वतंत्रता का उत्सव कार्यक्रम के तहत बेरी खंड के गांव दूबलधन, बाघपुर, पहाड़ीपुर व सिवाना में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों से आह्वान किया कि क्षेत्रवासी अपने घर, प्रतिष्ठान व आस-पड़ौस में इस अवधि के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराने का संकल्प लें तथा अपने आस पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। वहीं राजकीय माध्यमिक विद्यालय बाघपुर में मुख्याध्यापिका आशा की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता जागरुकता रैली आयोजन किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्लोगन के माध्यम से हर घर तिरंगा लहराने व हर घर मे स्वच्छता रखने का संदेश दिया।


**बेरी।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्याध्यापिका।

### शिविर में अधिवक्ताओं ने किया योगाभ्यास

**झज्जर।** स्थानीय बार एसोसिएशन के चौधरी रणबीर सिंह हाल में सोमवार को योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन प्रधान दीपक गोयल ने बताया कि शिविर में सीनियर एडवोकेट श्यामफूल भारद्वाज व योग के माध्यम से अंतर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले बुजुर्ग खिलाड़ी इंद्र सिंह कादियान ने अधिवक्ताओं को मानसिक तनाव दूर करने संबंधी विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।




# बेटी के जन्म पर किया कुआं पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सांखोल में कन्या के जन्म की खुशी कुआं पूजन करके मनाई। दरअसल, सांखोल के निवासी दीपक के यहां गत 14 जुलाई को बच्चे की किलकारियां गूंजी थी। उसकी पत्नी रोली ने संतान के रूप में बेटी को जन्म दिया। कन्या के जन्म से ही परिवार में खुशी का माहौल था। दादा अशोक अहलावत सहित परिवार के तमाम सदस्य गदगद हैं। इस खुशी को दूसरों के साथ सांझा करने के लिए कुआं पूजन कराया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्कर सुनीता, रजनेश और आशा वर्कर ममता भी शामिल रही। सभी ने नवजात बच्ची को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।


**बहादुरगढ़।** सांखोल में कुआं पूजन कराती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि


**बहादुरगढ़।** नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ यूनिट पदाधिकारी व सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### बुपनिया सब यूनिट का चुनाव संपन्न

**बहादुरगढ़।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की बुपनिया सब यूनिट का चुनाव सोमवार 11 अगस्त को सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस चुनाव में एएफएम नरेश मोनू को प्रधान, एएफएम अनिल को सचिव, आईडीसी ललित को कैशियर चुना गया। इस मौके पर राजेश सीए, संजय कैशियर, बल्ले, अजीत, सुरेंद्र, सतीश, गोलू के अलावा यूनिट प्रधान बिजेंद्र फोगाट, पंकज, रविंद्र व सुमित देशवाल आदि मौजूद रहे।

## बम धमाकों के आरोप में खुदीराम बोस को फांसी की सजा सुनाई गई थी

# रेखाचित्र के माध्यम से किया स्वतंत्रता सेनानी को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने भारतवर्ष के युवा क्रांतिकारी खुदीराम बोस के शहीदी दिवस पर उनका रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने बताया कि खुदीराम बोस एक स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे युवा क्रांतिकारियों में जाना जाता है। बम धमाकों के आरोप में खुदीराम बोस को फांसी की सजा सुनाई गई थी। इस चौपाल रंगोली में भूतपूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रामवतार शर्मा, मास्टर वेदप्रकाश शर्मा, अनिल कौशिक, राधेश्याम कौशिक, रुद्र कौशिक, मास्टर संदीप कौशिक, रमेश कौशिक, नसीब कौशिक, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा ने मिलकर महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस को नमन किया।



**झज्जर।** भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया विशाल रेखाचित्र। फोटो :हरिभूमि

### तरुण शहीद खुदीराम बोस को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) ने देश के आजादी आंदोलन की गैर-समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी योद्धा शहीद खुदीराम बोस के 115वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। छोटूराम नगर में हुए कार्यक्रम में एआईडीएसओ नेता मंगल सिंह ने कहा कि खुदीराम बोस के जीवन संग्राम को स्कूल-कॉलेजों, छात्र-नौजवानों तथा गावों-शहरों में ले जाने की जरूरत है। ताकि छात्र नौजवान उनके जीवन संघर्षों से सीख ले सके। मौजूदा समय में छात्र-नौजवानों के लिए शहीद खुदीराम बोस का जीवन-संघर्ष एक प्रेरणा है। आसमान छूती महंगाई, अशिक्षा, अपसंस्कृति, असुरक्षा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अपराध अपने चरम सीमा पर पहुंच चुका है। धर्मनिरपेक्ष, वैज्ञानिक व जनवादी शिक्षा दिवा स्वप्न बनकर रह गई है। ऐसी स्थिति में उनके सपनों को साकार करना ही शहीद खुदीराम बोस के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मंगल सिंह, महाबीर सिंह, रामदयाल, रोशन कुमार, अभिषेक कुमार व रुपेश कुमार आदि ने तरुण शहीद खुदीराम बोस को नमन किया।


**बहादुरगढ़।** खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि देते एआईडीएसओ कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# सीटीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं


**झज्जर।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए सीटीएम नमिता कुमारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम नमिता कुमारी ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, भूमि पंजीकरण, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा आदि विषयों से संबंधित 24 शिकायतें रखी गई। सीटीएम ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं को एक ही मंच पर सुनना और उनका यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे उनका समय और संसाधन दोनों की बचत होती है।

## खबर संक्षेप

### सीवर-पानी की समस्या का हो स्थाई समाधान

**बहादुरगढ़।** शहर में सीवर समस्या को लेकर लोग परेशानी हैं। इसे लेकर पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ नितिन कुमार से समाधान की मांग की। उनके अनुसार कई जगह खुदाई करके छोड़ने से यह परेशानी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि शहर की सीवर, पानी की समस्याओं का स्थाई समाधान होना चाहिए। शिकायत के बाद कर्मचारी आते हैं और खानापूर्ति कर चले जाते हैं। जिससे लोगों को परेशानी होती है। ताकि स्थानीय लोगों को स्थाई तौर पर राहत मिल सके।

### गांव खानपुर कलां में कुश्ती दंगल 17 को

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खानपुर कलां में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में दो दिवसीय मेले व विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी प्रधान अत्तर सिंह ने बताया कि 16 अगस्त को जन्माष्टमी कार्यक्रम तथा 17 अगस्त गोगा नवमी पर मेले व विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में सर्व समाज के लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पहली कुश्ती एक लाख 21 हजार रुपये की होगी तथा दूसरी कुश्ती 61 हजार रुपये की होगी जबकि तीसरी कुश्ती के लिए 41 हजार रुपये की इनामी राशि घोषित की गई है। इसके अलावा छोटी इनामी कुश्तियां कराई जाएंगी।

### शिकायतों की सुनवाई के लिए बिजली अदालत आज

**झज्जर।** मंगलवार को उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे से एक बजे तक बिजली अदालत व 11 बजे से दो बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े परिवादों की समीक्षा की जाएगी।

### आईटीआई गुढ़ा में आज लगेगा रोजगार मेला

**झज्जर।** मंगलवार को आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई पास-आउट विद्यार्थियों का इंटरव्यू व रिटन टेस्ट लिया जाएगा। जो विद्यार्थी रिटन टेस्ट व इंटरव्यू में अच्छे अंक प्राप्त करेंगे, उनको कंपनियों द्वारा रोजगार के लिए चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में अंतिम वर्ष के पेपर दे चुके विद्यार्थी भी भाग ले सकते हैं।

# छारा कॉलेज: विद्यार्थियों ने स्लोगन लिख दिया नशे के खिलाफ संदेश

## संस्कारम यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल कॉलेज में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में एंटी ड्रग्स कमेटी द्वारा नशा जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशा मुक्ति के संदेश को रचनात्मक स्लोगनों से प्रस्तुत किया। अजय ने प्रथम स्थान, अंकुश ने द्वितीय तथा प्रियंका व भूपेंद्र ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**विजेता किए सम्मानित**

विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में मोहित, गीतांजलि व डॉ. अश्वनी का विशेष योगदान रहा। डॉ. अनीता दलाल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता व सही मार्गदर्शन बेहद आवश्यक है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करती हैं।





झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### वाद-विवाद में दीपिका और भावना ने मारी बाजी

**झज्जर।** संस्कारम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में सोमवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।21वीं सदी में पुरुष अधिकार-एक सच्चा प्रयास या प्रतिगामी प्रतिक्रिया? विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का संचालन करुणा सिंह ने किया। जबकि निर्णायक मंडल में डॉक्टर सविता शर्मा, डॉक्टर लोकेश चौहान और डॉक्टर संदीप शामिल रहे। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, तर्क क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता परिणामों में संकल्प के पक्ष में बीएएलएलबी की छात्रा दीपिका विजेता रहीं, जबकि संकल्प के विरोध में भावना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रनर-अप के रूप में विशाखा और शीतल को साझा स्थान प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि संस्कारम यूनिवर्सिटी सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करती रही है। उनका उद्देश्य है कि यहां शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहे, बल्कि जीवन मूल्यों और सामाजिक दृष्टिकोण को भी विकसित करे।



बहादुरगढ़। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के नए विद्यार्थी।

# नए विद्यार्थियों को कॉलेज की कार्यप्रणाली से परिचित कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- ओरिएंटेशन के साथ कॉलेज से रूबरू हुए नए विद्यार्थी

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में नए शैक्षणिक क्षेत्र के शुभारंभ पर प्राचार्य दलबीर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। उन्हें पाठ्यक्रम की जानकारी देने के साथ ही उनकी शंकाओं का निवारण किया गया।

मंच का संचालन डॉ विकास शौकीन ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शैक्षणिक और सह पाठयक्रम गतिविधियों के महत्व को समझाते हुए सफलतापूर्वक अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों से सभी का परिचय कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों व राष्ट्रीय हित के कार्य में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए विभिन्न सेल के इंचार्ज भी सभी से मिले। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम करते हुए अपने शिक्षकों के सहयोग से अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए सावधान रहने की सलाह दी। सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रभारियों ने लाइब्रेरी, वूमेन सेल, प्लेसमेंट सेल, स्मार्ट क्लासरूम, एनसीसी, एनएसएस आदि के बारे में विस्तार से लाभप्रद जानकारी दी। सभी विद्यार्थियों को कॉलेज डिपार्टमेंट का विजिट कराया गया।

# भाजपाइयों ने की शहीद स्मारकों की सफाई

## केशव सिंघल ने शहीदों की प्रतिमाओं की सफाई कर पुष्प अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहीदों के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को शहर में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गई तथा शहर के विभिन्न चौक चौराहों को तिरंगे से सजाया गया। तिरंगा यात्रा के संयोजक केशव सिंघल ने बताया कि शहीदों की प्रतिमाओं की सफाई करके उन पर पुष्प अर्पित किए गए। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह नौ बजे अनाज मंडी में पहले शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा उसके बाद तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जो सिलानी गेट के राव तुलाराम चौक, अंबेडकर चौक, छिक्कारा चौक होते हुए शहीद भगत सिंह चौक तक पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 13 तथा 14 अगस्त को हर घर तिरंगा लगाए जाने का कार्यक्रम भी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। इस दौरान नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, नगर पार्षद भागवंती देवी, नगर पार्षद जयपाल उर्फ पप्पू, मंडलाध्यक्ष संदीप चौहान, एडवोकेट भगवत दयाल मिश्रा, नरेश छिक्कारा, एडवोकेट रोशन लाल, नरेंद्र शर्मा, पवन यादव, मनोज सैनी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



## विद्यार्थियों को दी कानूनी साक्षरता की जानकारी



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कानूनी साक्षरता इंचार्ज राकेश चावला। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डावला में सोमवार को कानूनी साक्षरता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्यालय के कानूनी साक्षरता इंचार्ज राकेश चावला ने विद्यार्थियों को भारतीय न्याय संहिता बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से पॉक्सो एक्ट बारे जानकारी देते हुए बताया कि अगर किसी विद्यार्थी का शोषण होता है तो वह उसकी शिकायत पुलिस को दें ताकि अपराधी को सजा मिल सके। सेमिनार में भगत सिंह, शकुंतला, निशा, संगीता, नीतिका, तारा चंद, राहुल, कविता, ज्योति, सुमन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




### सस्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी कंपनियों-विदेशी वस्तुओं के विरोध में किया प्रदर्शन, स्वदेशी अपनाने का आह्वान

**झज्जर।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सोमवार को विदेशी कंपनियों व विदेशी वस्तुओं के विरोध में प्रदर्शन किया गया। जटिया धर्मशाला से विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ और अंबेडकर चौक, मेन बाजार, हरिपुरा मौहल्ला, सिलानी गेट होते हुए राव तुलाराम चौक पर संपन्न हुआ। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संगठक कुलदीप पूनिया ने कहा कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है। उन्होंने ऑनलाइन खरीददारी न करके स्थानीय दुकानदारों से ही सामान खरीदने की बात कही। इस दौरान मनमोहन खंडेलवाल, प्यारेलाल कटारिया, राकेश अरोड़ा, नवींद्र कुमार, रघुबीर सैनी, तारा चंद भूटानी, डॉक्टर हरी सैनी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### फुटवियर कंपनी में महिला कर्मचारियों को नशा मुक्ति साइबर अपराध व आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया



**बहादुरगढ़।** पुलिस की ओर से सोमवार को एक फुटवियर कंपनी में महिला सुरक्षा और साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों को नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया।

महिला थाना प्रभारी नीलम ने कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार है। किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं पुलिस हेल्पलाइन डायल 112 और ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा का प्रयोग कर सकती हैं। उन्होंने इन सेवाओं का सही तरीके से इस्तेमाल करने की जानकारी दी ताकि मुसीबत के समय तुरंत मदद मिल सके। कार्यक्रम में महिलाओं को नशे के दुष्प्रभाव, आत्मरक्षा के तौर-तरीके और शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत रहने के उपाय बताए गए। नीलम ने कहा कि अनमोल जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# जय प्रकाश माछरौली सब यूनिट के प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को एचएसईबी वर्कस यूनियन की माछरौली सब यूनिट का त्रिवार्षिक चुनाव कराया गया। यूनिट प्रधान संजीव छिल्लर, सचिव लवकेश के नेतृत्व में सर्व सम्मत्ति से हुए चुनावों में जय प्रकाश को प्रधान बनाया गया। इसके अलावा प्रदीप को उपप्रधान, इंद्र सिंह को सचिव, दीपक शर्मा को सह सचिव, दीपक को कैशियर व राहुल को संगठनकर्ता की जिम्मेवारी सौंपी गई। इस मौके पर राजपाल, जोगेंद्र, अमित, देवेंद्र, संदीप, धर्मवीर, राकेश, संजय, पूर्ण सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10 × 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## वन महोत्सव समारोह का आयोजन

# विधायक जून और जिप चेयरमैन कप्तान सिंह ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव मातनहेल स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय परिसर में वन विभाग द्वारा 76वें जिला स्तरीय वन महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। बहादुरगढ़ के विधायक राजेश जून व जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने पौधारोपण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में भागीदारी करते हुए एक पौधा रोपित कर उसकी देखभाल करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को त्यौहार की तरह मनाना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हुए इसे जन आंदोलन बनाएं। उन्होंने कहा कि वृक्ष के बगैर मानव जीवन की कल्पना भी करना बेकार है। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने कहा कि भारत ऐसा देश है जहां जमीन को भी माता का दर्जा दिया गया है। सभी नागरिक अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास वाल्मिकी, संजय कबलाना, सरपंच मातनहेल बिजेंद्र सिंह, मनीष बंसल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल बोर्ड के गठन का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- लोकसभा में पारित हुआ नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस और एंटी-डोपिंग अमेंडमेंट बिल 2025
- खेलों में नैतिकता और खिलाड़ियों के कल्याण को बढ़ावा देगा

लोकसभा ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल-2025 और नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल-2025 को मंजूरी दे दी है। भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने इन विधेयकों के पारित होने पर केंद्र सरकार का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा भारत के खेल प्रशासन और डोपिंग रोधी नीतियों में नई क्रांति आने की उम्मीद है।



नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल-2025 के तहत खेल महासंघों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) का गठन किया जाएगा। बीसीसीआई जैसे बड़े संगठनों को भी इस बोर्ड के दायरे में आने से खेलों में नैतिकता और खिलाड़ियों के कल्याण को बढ़ावा देगा। नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल-2025 के माध्यम से नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) को और स्वायत्तता मिलेगी। यह विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के मानकों के अनुरूप है।

अनिल खत्री ने इसके लिए केंद्र सरकार और खेल मंत्री मानसुख मंडाविया का आभार जताया। उनके अनुसार इन विधेयकों के पारित होने से भारत न केवल अपने खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, बल्कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में भी एक ठोस कदम बढ़ाएगा। खिलाड़ियों के हितों की रक्षा और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के इस प्रयास के लिए सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की जानी चाहिए।

### रामलीला आयोजन को लेकर विचार-विमर्श

- प्राचीन हनुमान मंदिर में आम सभा का आयोजन
- पदाधिकारियों ने वर्ष 2024-2025 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया

**झज्जर।** श्री प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा सोमवार को शहर के दिल्ली गेट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में आम सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान पदाधिकारियों ने वर्ष 2024-2025 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कमेटी के अध्यक्ष अंकुश दुहन ने बताया कि सभा में रामलीला आयोजन को लेकर विचार विमर्श कर कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां भी लगाई गई।

**ये रहे मौजद**

इस मौके पर लाल चंद गर्ग, वेदप्रकाश दुहन, सुरेंद्र हरित, जय भगवान मित्तल, अरूण शास्त्री, गुलाब प्रजापत, नंद भटनागर, हेमंत शर्मा, हेमंत गर्ग, बिट्टू कौशिक, नरेंद्र धनखड़, सुनील जाखड़, मुकेश शर्मा, राजकिशन हरित, दिनेश सिंगला, मोहित सिंगला, अंकित गुप्ता, नीटी गहलौत, अजय अहलावत, कुक्कू धनखड़, अमित सनसनवाल, अभय सहित अन्य भी उपस्थित रहे।